# Code No. 2004

**Class : 11th (Eleventh)** **Series : 11/April/2022**

रोल नं० : [ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ]

हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]

(only for Fresh / School Candidates)

समय : $2\frac{1}{2}$ घण्टे ] [ पूर्णांक : **80**

---

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **12** है।
- प्रश्न- पत्र में सबसे ऊपर दिये गये कोड नम्बर की छात्र उत्तर पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोड़े।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य सीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखे और लिखा उत्तर न काटे।
- परीक्षार्थी अपना रोल नं प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखे और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाऐं ।
- कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित करने कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

---

**नोट :-** (i) **सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

(ii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम / शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

**खण्ड –अ**

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 13 = 13

(i) कबीर की रचना का नाम है :

(क) हठयोग (ख) बीजक

(ग) गंगा लहरी (घ) कृष्णावतार



Downloaded From cclchapter.com

(ii) 'डिंभ' शब्द का अर्थ है :

(क) दम्भ (ख) रम्भ

(ग) प्रगल्भ (घ) विश्वंभर

(iii) मीरा की भाषा मूलतः किस प्रकार की हैः

(क) अवधी (ख) बघेली

(ग) राजस्थानी (घ) भोजपुरी

(iv) अविनाशी ईश्वर को पाने की मानसिकता का नाम क्या है?

(क) विदग्धता (ख) संदिग्धता

(ग) विप्रलब्धा (घ) सहजता

(v) 'चिदंबरा' किस कवि की रचना है?

(क) सुमित्रानंदन पंत (ख) मीरा

(ग) कबीर (घ) निर्मला पुतुल

(vi) दृगों में क्या लहरा रहे थे?

(क) तारे (ख) खेत

(ग) वैभव-विलास (घ) आमोद-प्रमोद

(vii) 'छाती पर सांप लोटने' का अर्थ है :

(क) सांप की मस्ती (ख) केंचुली

(ग) तिरछी चाल (घ) भारी पीड़ा

(viii) पिताजी को क्या व्याप्त नहीं हुआ था?

(क) संक्रामक रोग (ख) बुढ़ापा

(ग) कठोरता (घ) दिव्य दर्शन

(ix) कवि ने बहनों को क्या कहा है?

(क) प्यार (ख) दहेजागार

(ग) बाँटनहार (घ) अलख संसार



Downloaded From cclchapter.com

(x) श्रावण मास को कौन सा विशेषण दिया गया है?

(क) इंद्रलोक (ख) सजीला

(ग) प्रलयलोक (घ) गोलोक

(xi) हरेक घर के लिए क्या तय हुआ था?

(क) हीटर (ख) वातानुकूलित

(ग) चिराग (घ) वाहन

(xii) नजर में क्या बसना चाहिए?

(क) ईश्वीयता (ख) हसीन नजारा

(ग) वैचारिकी (घ) एकाकीपन

(xii) नदियों की वांछनीयता क्या है?

(क) निर्मलता (ख) प्रवाहिकता

(ग) धारासार वर्षा (घ) विद्युत उत्पादन

2. निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 4

अंधकार की गुहा सरीखी
उन आँखों से डरता है मन,
भरा दूर तक उनमें दारुण
दैन्य दुख का नीरव रोदन ।

**अथवा**

वह तुम्हारा मन समझकर
और अपनापन समझकर
गया है सो ठीक ही है
यह तुम्हारी लीक ही है।



Downloaded From cclchapter.com

3. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए : 1 x 13 = 13

(i) 'भारत माता की जय' का क्या अर्थ है?

(क) दुर्गा की जय (ख) भारतवासियों की जय

(ग) भारतीय माताओं की जय (घ) भारतीय मान्यताओं की जय

(ii) 'जिनका नजरिया महदूद था' उपवाक्य में 'महदूद' शब्द का क्या अर्थ है :

(क) सीमित (ख) महान

(ग) आधुनिक (घ) उच्च

(iii) किसके जीवन की फाइल पूर्ण हो चुकी थी?

(क) अधिकारी की (ख) कर्मचारी की

(ग) नेता की (घ) कवि की

(iv) जामुन के पेड़ को काटने किस विभाग के आदमी आए?

(क) बिजली विभाग के (ख) स्वास्थ्य विभाग के

(ग) सिंचाई विभाग के (घ) वन विभाग के

(v) पेड़ के नीचे दबे हुए कवि की रचना का नाम लिखिए :

(क) ओस के फूल (ख) घास की बात

(ग) अनाम आदमी (घ) सुधार-सार

(vi) 'पावस' शब्द का अर्थ लिखिए :

(क) शीत (ख) वर्षा

(ग) ग्रीष्म (घ) शिशिर

(vii) स्पीति का धरातल मुख्यतः कैसा है?

(क) सघन वन प्रधान (ख) मेघमय

(ग) नंगा और वीरान (घ) घनी आबादी से पूर्ण



Downloaded From cclchapter.com

(viii) धनराम कौन था?

(क) शिक्षक (ख) सुनार

(ग) कहार (घ) लुहार

(ix) वंशीधर मोहन को क्या देखना चाहते थे?

(क) संत (ख) बड़ा अफसर

(ग) प्रचारक (घ) मजदूर

(x) बब्बन मियाँ कौन थे?

(क) कारीगर (ख) फकीर

(ग) अफसर (घ) नेता

(xi) मियां नसीरुद्दीन सिर हिलाते समय कैसे दिखे?

(क) रुस्तम-जैसे (ख) अभिनेता-जैसे

(ग) संगतकार-जैसे (घ) सुकरात-जैसे

(xii) अलोपीदीन-संपदा में वंशीधर क्या बने?

(क) मैनेजर (ख) पहरेदार

(ग) सफाईकर्मी (घ) माली

(xiii) वंशीधर के साथ जमादार कौन थे?

(क) स्नेह शर्मा (ख) बबलू सिंह

(ग) प्रवीण (घ) दर्शन सिंह

4. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

मैं कगारे पर का वृक्ष हो रहा हूँ, न मालूम कब गिर पहूँ। अब तुम्हीं घर के मालिक-मुख्तार हो। नौकरी में ओहदे की ओर ध्यान मत देना, यह तो पीर का मजार है। निगाह चढ़ावे और चादर पर रखनी चाहिए।

**अथवा**

प्रधानमंत्री ने इस पेड़ को काटने का हुक्म दे दिया और इस घटना की सारी अंतर्राष्ट्रीय जिम्मेदारी अपने सिर ले ली है। कल यह पेड़ काट दिया जाएगा और तुम इस संकट से छुटकारा हासिल कर लोगे।



Downloaded From cclchapter.com

5. 'अभिव्यक्ति और माध्यम' से सम्बद्ध निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प का चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए : 1 x 4 = 4

(i) एक व्यक्ति से सम्बद्ध सूचनाओं का एक अनुशासित प्रवाह क्या कहलाता है?

(क) परिपत्र (ख) ज्ञापन

(ग) स्ववृत (घ) अनुस्मारक

(ii) दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच सूचनाओं, विचारों और भावनाओं का आदान प्रदान किया है?

(क) संचार (ख) फीचर

(ग) आवेदन (घ) अधिसूचना

(iii) पटकथा की संरचना किस विधा से अधिक मिलती है?

(क) कहानी से (ख) उपन्यास से

(ग) आत्मकथा से (घ) नाटक से

(iv) निजी स्तर पर घटित घटनाओं और तत्संबंधी बौद्धिक-भावनात्मक प्रतिक्रियाओं का लेखा-जोखा क्या है?

(क) आत्मकथा (ख) डायरी लेखन

(ग) जीवनी (घ) साक्षात्कार

6. निम्नलिखित व्याकरणिक प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए : 1 x 10 = 10

(i) 'स्वाध्याय' शब्द में संधि-भेद लिखिए :

(क) यण् स्वर-संधि (ख) दीर्घ स्वर-संधि

(ग) गुण स्वर-संधि (घ) वृद्धि स्वर-संधि

(ii) 'प्रेषक' शब्द का सही संधि विच्छेद क्या है?

(क) प्र + एषक (ख) प्र + ऐषक

(ग) प्र + ईषक (घ) प्र + इषक



Downloaded From cclchapter.com

(iii) 'वाग्जाल' शब्द में कौन-सी संधि है

(क) दीर्घ संधि (ख) विसर्ग संधि

(ग) व्यंजन संधि (घ) वृद्धि संधि

(iv) 'रजोगुण' शब्द का सही संधि-विच्छेद छाँटिए :

(क) रजः गुण (ख) रजस्गुण

(ग) रज + ओगुण (घ) रजो + गुण

(v) 'योग्यतानुसार' शब्द में कौन सा समास-भेद है?

(क) अव्ययीभाव (ख) तत्पुरुष

(ग) बहुव्रीहि (घ) कर्मधारय

(vi) 'शरीरव्यापी' शब्द का सही विग्रह है :

(क) शरीर की व्याप्ति (ख) शरीर द्वारा व्याप्त

(ग) शरीर को व्यापार हुआ (घ) शरीर के लिए व्याप्त

(vii) 'त्रिकूट' शब्द में कौन-सा समास-भेद है?

(क) बहुव्रीहि (ख) कर्मधारय

(ग) द्विगु (घ) अव्ययीभाव

(viii) 'दुग्धधवल' शब्द में कौन-सा समास है?

(क) द्वन्द्व (ख) द्विगु

(ग) बहुव्रीहि (घ) कर्मधारय

(ix) निम्नलिखित वाक्यों में कौन-सा विकल्प सही है?

(क) मैंने उनका धन्यवाद किया। (ख) मैंने उन्हें धन्यवाद दिया।

(ग) मैंने उनको धन्यवाद किया। (घ) मैंने उनके लिए धन्यवाद किया।

(x) वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध विकल्प छाँटिए :

(क) गंभीर्य दुर्लभ है। (ख) मेरा भविष्य उज्जवल है।

(ग) यह रचना आलंकारिक है। (घ) ये दवाइयाँ अच्छी हैं।



Downloaded From cclchapter.com

7. मीरा अथवा दुष्यंतकुमार के जीवन, रचनाएं तथा काव्यात्मक विशेषताओं का परिचय दीजिए। 4

8. कवयत्री ने पशुओं के लिए हरी-हरी घास के मैदान बचाने का आग्रह क्यों किया है? 2

9. मोहन अथवा मियां नसीरुद्दीन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए। 4

10. नेहरू जी ने 'भारत माता की जय' का क्या अर्थ बताएं? 2

11. वितान (भाग-1) के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 x 5 = 10

(क) बेबी को सुखदीप और रमण क्यों अच्छे लगे?

(ख) तातुश की प्रकृति का चित्रण कीजिए?

(ग) मरुभूमि में कुंई खोदने का काम कठिन क्यों होता है?

(घ) बाड़मेर के गांव-गांव में कुंइयाँ ही कुइयों क्यों है?

(ङ) चित्रपट संगीत में लता को अतुलनीय क्यों कहा गया है?

12. 'अभिव्यक्ति और माध्यम' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 + 5 = 10

(क) पटकथा लेखन की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

(ख) समाचार के तत्वों का परिचय दीजिए।

Downloaded From cclchapter.com